राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार

परिवार कल्याण भवन, शेखपुरा, पटना – 800 014

रोजगार के सभी 38 जिलों के विभिन्न उपकेन्द्रों में संविदा/मानेदय के आधार पर ए०एन०एम० की नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के तहत् प्रत्येक स्वास्थ्य उपकेन्द्र में दो ए०एन०एम० की नियुक्ति की जानी है। इस दर से बिहार राज्य के 38 जिलों में पूर्व के विज्ञापन के आलोक में नियुक्ति उपरान्त लगभग 6100 अतिरिक्त ए०एन०एम० की नियुक्ति की जानी है। वर्तमान आवश्यकता की पूर्ति हेतु सरकार द्वारा संविदा के आधार पर ए०एन०एम० का चयन किया जाएगा। जिलावार औपबंधिक रिक्तियाँ बेब साईट **www.shsbihar.org** पर देखी जा सकती है।

योग्यता : ● सरकारी या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त गैर–सरकारी ए०एन०एम० प्रशिक्षण संस्थान से ए०एन०एम० प्रशिक्षण प्राप्त। ● बिहार परिचारिका निबंधन परिषद् से निबंधित। ● अन्य राज्यों के प्रशिक्षित ए०एन०एम० भी आवेदन भर सकती है, बशर्ते स्थानीय परिचारिका निबंधन परिषद से निबंधित हो तथा बिहार में चयनित होने के पश्चात् बिहार परिचारिका निबंधन परिषद् से निबंधन करा लें।

मानेदय : एकमुश्त मानेदय 6,000/– रुपये प्रतिमाह।

आयु सीमा : न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 64 वर्ष (गणना दिनांक 31.05.2008 के आधार पर)।

चयन की प्रक्रिया : ए०एन०एम० का चयन जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा गठित चयन समिति द्वारा किया जायगा। ● जिला में ए०एन०एम० के नियुक्ति पदाधिकारी, सिविल सर्जन–सह–सदस्य सचिव, जिला स्वास्थ्य समिति होंगे। ● नियुक्ति मे आरक्षण नियमों का पालन किया जायेगा। जिलावार रोस्टर संधारण किया जायेग। रोस्टर का अनुमोदन जिला पदाधिकारी देंगें। ● संविदा एक वर्ष के लिए अनुमान्य होगी। ● संविदा के आधार पर अनुबंधित ए०एन०एम० को एक माह की नोटिस अथवा एक माह का मानदेय देकर अनुबन्ध समाप्त किया जा सकता है। ● चयनित एवं अनुबंधित उम्मीदवार को इन आशय का Indemnity Bond भरना अनिवार्य होगा कि वे नियमित नियुक्ति का दावा नही करेंगें। ● मैट्रीक प्राप्तंक के आधार पर रोस्टर वार रिक्त पदो के आधार पर मेघा सूची तैयार की जाएगी। रिक्तियों के आधार पर मेघा सूची से नियुक्ति की जायेगी। मेघा सूची में नीचे बचे हुए अभ्यार्थियों को पैनल में रखा जाएगा जो कि 31.05.2009 तक प्रभावी होगा, इस दौरान जैसे–जैसे रिक्तियाँ होती जायेगी वैसे – वैसे पैनल से अभ्यार्थियों की नियुक्ति होगी।

आवेदन एवं साक्षात्कार : दिनांक 17.06.2008 को सिविल सर्जन–सह–सदस्य सचिव (जिस जिले के लिए आवेदन किया गया है) के समक्ष साक्षात्कार हेतु मूल कागजातो एवं दो अभिप्रमाणित फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु <u>आवेदक को स्वयं उपस्थित होना है।</u>

नोट :– यह किसी प्रकार की सरकारी सेवा नहीं है, न ही इसके आधार पर भविष्य में सरकारी सेवा का दावा किया जा सकता है।

आवेदन–पत्र का नमूना

1. आवेदित का पूरा नाम :	फोटो (राजपत्रित पदाधिकरी द्वारा अभिप्रमाणित)
2. पति / पिता का नाम :	
3. जन्म तिथि :	
4. पत्राचार का पूरा पता :	
5. स्थाई पता :	
6. वर्तमान पता :	
7. श्रेणी :	

(आरक्षित / अनु०जाति / अनु०जनजाती / अत्यन्त पिछड़ वर्ग / अन्य पिछड़ वर्ग)

8. शैक्षणिक योग्यता : (सभी अंक पत्र (Marksheet) की अभिप्रमाणित प्रतिलिपि संलग्न करें)
9. ए०एन०एम० / एल०एच०वी० / नर्स प्रशिक्षण सम्बन्धी योग्यता का विवरण (प्रमाण–पत्र की अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करें)

(**नोट** :–अभ्यर्थी इस बात क लिए तैयार रहे कि उन्हें किसी भी उपकेन्द्र मे पदस्थापित किया जा सकता है।)

मै प्रमाणित करती हूँ कि उपरोक्त लिखित तथ्य सही है तथा न तो मै बिहार सरकार न ही किसी अन्य सरकारी / अर्द्ध–सरकारी संस्थान में कार्यरत हूँ।

स्थान :

दिनांक : (आवेदिका का हस्ताक्षर)

कार्यपालक निदेशक